I (8)

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जहानाबाद)–12 / 2021 6231 पटना, दिनांक :– 08/08/2023**

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद के पत्रांक 470 दिनांक 18.05.2023 द्वारा श्री केशव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02853) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने एवं अनाधिकृत अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4681 दिनांक 02.06.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में अपनी शादी एवं पारिवारिक समस्याओं को लेकर मानसिक तनाव में रहने का तथ्य अंकित किया गया है एवं की गयी भूल के लिए क्षमा याचना करते हुए आगे से ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि यद्यपि की इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गयी है एवं अपनी भूल के लिए क्षमा याचना करते हुए भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया है। इस परिपेक्ष्य में तत्काल इनका संविदा समाप्त न करते हुए कार्य में बरती गयी लापरवाही एवं की गयी भूल के लिए 01 माह के मानदेय कटौती का दण्ड दिया जाता है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में गलती की पुनरावृति करने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

7/8/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जहानाबाद)–12 / 2021 6231 पटना, दिनांक :– 08/08/2023**

**प्रतिलिपि :–** श्री केशव कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02853), बंदोबस्त कार्यालय, जहानाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जहानाबाद)–12 / 2021 6231 पटना, दिनांक :– 08/08/2023**

**प्रतिलिपि :–** बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जहानाबाद)–12 / 2021 6231 पटना, दिनांक :– 08/08/2023**

**प्रतिलिपि :–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/8/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप